# मुहावरे तथा लोकोक्तियां कक्षा 8वीं

1. दिल बिल्लियां उछलना (बहुत खुश होना) - आठवीं कक्षा में पास होने पर देव का दिल बिल्लियों उछलने लगा।

2. दंग रह जाना (हैरान होना) - इतने बड़े शेर को देखकर देव दंग रह गया।

3. खुशी से झूम उठना (बहुत खुश होना) - आठवीं कक्षा में पास होने पर देव खुशी से झूम उठा।

4. मन बहलाना (समय गुजारना) - बच्चों ने यात्रा के दौरान ताश खेलकर अपना मन बहलाया।

5. फूला नहीं समाना (बहुत खुश होना) - आठवीं कक्षा में पास होने पर सभी बच्चे फूले नहीं समा रहे थे।

6.धावा बोलना (हमला करना)- हमारे सैनिकों ने शत्रुओं पर धावा बोल दिया।

7. मन गदगद होना (खुश होना)- आठवीं कक्षा में पास होने पर देव का मन गदगद हो गया।

8. दिल धक से रह जाना (घबराना)- इतने बड़े शेर को देखकर देव का दिल धक से रह गया।

9.मौत की नींद सुलाना (मार देना)- हमारे सैनिकों ने शत्रुओं को मौत की नींद सुला दिया।

10. सीना छलनी करना (मार देना) - हमारे सैनिकों ने शत्रुओं का सीना छलनी कर दिया।

11. गौरवान्वित करना (गौरव महसूस) - कक्षा में प्रथम आकर मोहन ने गांव को गौरवान्वित कर दिया।